खबरों में रहे स्टॉक

लार्सन ऐंड टुब्रो

राष्ट्रीय केमिकल्स ऐंड फर्टिलाइजर्स से हाइड्रोकार्बन कारोबार के लिए 'बड़ा' ठेका

₹ 3,531.2 पिछला बंद भाव
₹ 3,570.9 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

हैवेल्स इंडिया



दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछली तिमाही की तुलना में 34 प्रतिशत घटा

₹ 1,939.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,826.4 आज का बंद भाव
-5.8 % ▼

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया



दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 51 प्रतिशत बढ़ा

₹ 57.4 पिछला बंद भाव
₹ 59.0 आज का बंद भाव
2.8 % ▲

जिंदल स्टेनलेस



वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 21 प्रतिशत घटा

₹ 763.3 पिछला बंद भाव
₹ 761.5 आज का बंद भाव
-0.2 % ▼

इंडियन ओवरसीज बैंक



वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के मुकाबले 24 प्रतिशत बढ़ा

₹ 54.6 पिछला बंद भाव
₹ 55.9 आज का बंद भाव
2.4 % ▲

संक्षेप में

शुरू होगी एलऐंडटी की इलेक्ट्रोलाइजर फैक्टरी

इंजीनियरिंग समूह लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) को अपनी पहली इलेक्ट्रोलाइजर फैक्टरी से जल्द ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने यह जानकारी दी है। बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए गए जवाब में एलऐंडटी ने कहा, 'फैक्टरी तैयार है और औपचारिक घोषणा तथा उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा।' 150 से 200 मेगावॉट की शुरुआती क्षमता के साथ यह एलऐंडटी की पहली इलेक्ट्रोलाइजर फैक्टरी होगी। एलऐंडटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा हरित विनिर्माण और विकास प्रमुख डेरेक शाह ने इस साल की शुरुआत में बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में कहा था कि पहले चरण के दौरान एलऐंडटी 70:30 अनुपात के साथ भारतीय खरीदारों और विदेशी बाजारों के संयोजन को इलेक्ट्रोलाइजर की आपूर्ति करने पर विचार कर रही है। *बीएस*

28 को स्टॉक एक्सचेंज का स्पेशल सेशन

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मूल्य निर्धारण के लिए नया ढांचा पेश किए जाने के बाद स्टॉक एक्सचेंज 28 अक्टूबर को कुछ खास निवेश होल्डिंग कंपनियों (होल्डको) के लिए स्पेशल कॉल ऑक्शन आयोजित करेंगे। सेबी ने जून में स्पेशल विंडो की पात्रता के लिए होल्डको के लिए विशेष शर्तों के साथ नया फ्रेमवर्क जारी किया था। यह स्पेशल प्री-ओपन सेशन कुल 9 होल्डिंग कंपनियों के लिए आयोजित किया जाएगा, जिनमें पिलानी इन्वेस्टमेंट्स, कल्याणी इन्वेस्टमेंट्स, टीवी होल्डिंग्स और महाराष्ट्र स्कूटर्स शामिल हैं। *बीएस*

सेम्बकॉर्प को पवन-सौर परियोजना का मिला ठेका

सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज को उसकी इकाई सेम्बकॉर्प ग्रीन इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के जरिये 150 मेगावॉट की पवन-सौर हाइब्रिड परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी के बयान के अनुसार, सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज (सेम्बकॉर्प) को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली नवीकरणीय सहायक कंपनी सेम्बकॉर्प ग्रीन इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के जरिये सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से 150 मेगावाट इंटर स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम से जुड़ी पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना का ठेका मिला है। *भाषा*

विप्रो का शुद्ध लाभ 21.3 प्रतिशत बढ़ा

बीएस संवाददाता और भाषा
मुंबई/कोलकाता, 17 अक्टूबर

बेंगलूरु की आईटी सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 3,201 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो एक साल पहले के मुकाबले 21.3 प्रतिशत अधिक है। तिमाही आधार पर लाभ में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

मार्च तिमाही के दौरान राजस्व पिछले साल की समान अवधि की तुलना में एक प्रतिशत तक की मामूली गिरावट के साथ 22,300 करोड़ रुपये रहा गया। तिमाही आधार पर राजस्व में 1.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ। कंपनी का दूसरी तिमाही का प्रदर्शन ब्लूमबर्ग के अनुमानों की तुलना में बेहतर रहा। ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार राजस्व 22,234.8 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 3,008 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद जताई गई थी।

आईटी सेवा श्रेणी का राजस्व 266 करोड़ डॉलर रहा। इसमें पिछले साल की तुलना में दो प्रतिशत गिरावट आई, जबकि तिमाही आधार पर इसमें 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। छह तिमाहियों में गिरावट के बाद तिमाही आधार पर यह वृद्धि देखने को मिल रही है।

कंपनी ने 1.5 अरब डॉलर के बड़े सौदे का ऐलान किया, जो तिमाही आधार पर 28.2 प्रतिशत और सालाना आधार पर 16.8 प्रतिशत की वृद्धि है। यह पिछले 10 तिमाहियों के दौरान कंपनी द्वारा किए गए बड़े सौदों में सबसे बड़ा टीसीवी है। विप्रो ने अपने आईटी सेवा कारोबार श्रेणी का राजस्व 260.7 करोड़ डॉलर से लेकर 266 करोड़ डॉलर के बीच रहने का अनुमान लगाया है। कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी और प्रबंध निदेशक श्रीनि पलिया ने कहा, 'दूसरी तिमाही में दमदार निष्पादन के आधार पर हमने राजस्व वृद्धि, बुकिंग और मार्जिन के मामले में अपनी अपेक्षाओं को पूरा किया।'

कंपनी के निदेशक मंडल ने 1:1 में बोनस शेयर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रिकॉर्ड तिथि तक कंपनी के पात्र शेयरधारकों को प्रत्येक पूर्ण-चुकता शेयर पर दो रुपये अंकित मूल्य वाला एक शेयर दिया जाएगा। बीएसई में गुरुवार को कंपनी का शेयर 0.65 प्रतिशत के नुकसान से 528.80 रुपये पर बंद हुआ।

विप्रो इस साल के अंत तक सभी लंबित भर्तियों पर नियुक्ति पूरी कर लेगी। कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दूसरी तिमाही में जिंदल स्टेनलेस का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़ा

जिंदल स्टेनलेस ने निर्यात बाजार में चुनौतियों के बीच जुलाई से सितंबर तिमाही (वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही) के दौरान समेकित शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 21.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 611.31 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 774.33 करोड़ रुपये था।

समेकित आधार पर परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 0.20 प्रतिशत तक की मामूली गिरावट के साथ 9,776.83 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 9,797.04 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर राजस्व में 3.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई और शुद्ध लाभ में 5.67 प्रतिशत की गिरावट आई।

वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान कुल बिक्री में निर्यात की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत रही, जबकि वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में यह हिस्सेदारी 13 प्रतिशत थी। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में निर्यात 15 प्रतिशत रहा। कंपनी द्वारा उपभोग की गई सामग्री की लागत एक साल पहले की समान अवधि के 6,024.01 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,759.95 करोड़ रुपये हो गई। जिंदल स्टेनलेस भारत की 'स्टेनलेस स्टील' बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है।

टाटा केमिकल्स का शुद्ध मुनाफा 55% घटकर 194 करोड़ रुपये हुआ

टाटा केमिकल्स का सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 54.67 प्रतिशत घटकर 194 करोड़ रुपये रहा है। टाटा केमिकल्स ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 428 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 3,999 करोड़ रुपये पर स्थिर रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 3,998 करोड़ रुपये थी।

हैवेल्स का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 268 करोड़ रुपये हुआ

बिजली के उत्पाद बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत बढ़कर 267.77 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 249.08 करोड़ रुपये रहा था। हैवेल्स इंडिया ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय सितंबर तिमाही में 16.38 प्रतिशत बढ़कर 4,539.31 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,900.33 करोड़ रुपये थी। हैवेल्स ने बताया कि मांग बढ़ने से कंपनी ने सभी खंडों में वृद्धि दर्ज की है।

नेस्ले इंडिया का शुद्ध लाभ 8.6 प्रतिशत बढ़ा

कंपनी बिना रिफाइंड चीनी वाला सेरेलैक पेश करेगी

दैनिक उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) का विनिर्माण करने वाली दिग्गज कंपनी नेस्ले इंडिया ने मांग के चुनौतीपूर्ण माहौल और जिंसों के बढ़ते दामों के बीच 30 सितंबर को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में 8.6 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया और बढ़कर 986.4 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने पिछले साल इसी अवधि के दौरान 908.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। अलबत्ता सितंबर तिमाही में इसका समेकित शुद्ध लाभ 0.9 प्रतिशत गिरकर 899 करोड़ रुपये रह गया।

किटकैट चॉकलेट और नेस्कैफे कॉफी बनाने वाली इस कंपनी ने 1.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 5,074.8 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री दर्ज की, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,009.5 करोड़ रुपये थी।

इसका ब्याज, मूल्यह्रास और कर पूर्व लाभ पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,258.1 करोड़ रुपये की तुलना में 6.6 प्रतिशत गिरकर 1,174.6 करोड़ रुपये हो गया।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने विज्ञप्ति में कहा, 'उपभोक्ता मांग में नरमी और खास तौर पर कॉफी और कोको के मामले में जिंसों की अधिक कीमतों के चुनौतीपूर्ण बाहरी माहौल के बावजूद हम वृद्धि प्रदान करने के अपने प्रयास पर दृढ़ बने रहे। इस तिमाही में हमारे शीर्ष 12 ब्रांडों में से पांच ने दो अंकों में वृद्धि की।' कंपनी ने बिना रिफाइंड चीनी वाला सेरेलैक पेश करने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि इसकी शुरुआत तीन साल पहले की गई थी और इस साल इसे पूरा कर लिया गया। भारत में सेरेलैक की इस विस्तारित रेंज में अब 21 वेरिएंट शामिल होंगे। इनमें से 14 वेरिएंट में रिफाइंड चीनी नहीं होगी। इन 14 वेरिएंट में से सात नवंबर 2024 के अंत तक उपलब्ध होंगे और बाकी वेरिएंट आने वाले सप्ताहों में पेश किए जाएंगे।

इस बीच कंपनी के पेय पदार्थों के कारोबार ने नेस्कैफे के सभी ब्रांडों में मजबूत प्रदर्शन के साथ दो अंकों में ऊंचे स्तर की वृद्धि दर्ज की। मिल्कमेड, मसाला-ए-मैजिक और टॉडलर्स की रेंज ने भी दों अंकों में ऊंचे स्तर की वृद्धि दर्ज की, जबकि किटकैट और पेटकेयर कारोबार ने एक अंक में ऊंचे स्तर की वृद्धि दर्ज की।

इन्फोसिस ने बढ़ाया आय अनुमान

पृष्ठ 1 का शेष

इन्फोसिस का कुल अनुबंध मूल्य 2.4 अरब डॉलर रहा जो पहली तिमाही में 4.1 अरब डॉलर रहा था। सितंबर तिमाही में कंपनी का मार्जिन 21.1 फीसदी रहा जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 0.1 फीसदी कम और एक तिमाही पहले के मुकाबले स्थिर रहा। कंपनी ने यह भी कहा है कि जनवरी में वेतन वृद्धि की घोषणा की जाएगी और वह अप्रैल से प्रभावी होगी। जेन एआई के बारे में कंपनी ने कहा कि वह तीन खास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी एंटरप्राइज-वाइड जेन एआई प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। इसके अलावा स्मॉल लैंग्वेज मॉडल भी विकसित किए जा रहे हैं। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में 15,000 से 20,000 फ्रेशरों को नियुक्त करने की योजना है। बोर्ड ने 21 रुपये प्रति शेयर लाभांश की घोषणा की है जो पिछले साल के मुकाबले 16.7 फीसदी अधिक है।

देसी निवेशकों से 10 से 15 करोड़ डॉलर जुटाने की तैयारी में जेप्टो

आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 17 अक्टूबर

क्विक कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जेप्टो का आईपीओ जल्द आने वाला है। मगर उससे पहले ही कंपनी भारतीय फैमिली ऑफिसेज और अमीर निवेशकों (एचएनआई) से 10-15 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रही है। यह जानकारी सूत्रों ने दी।

पिछले 14 महीनों में कंपनी ने 1.2 अरब डॉलर से अधिक रकम जुटाई है ताकि अगले साल शेयर बाजार में उतरने से पहले वह अपनी बैलेंस शीट मजबूत कर सके। सूत्रों के अनुसार, 'फंडिंग का उद्देश्य घरेलू हिस्सेदारी बढ़ाना है और आईपीओ से पहले अधिक स्वदेशी निवेशकों को साथ लेना है।'

मोतीलाल ओसवाल की प्राइवेट इन्वेस्टमेंट फर्म इस राउंड में बड़ी खरीदारी कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि फर्म इसमें लगभग 4 करोड़ डॉलर तक निवेश कर सकती है। कंपनी अन्य घरेलू एचएनआई और फैमिली ऑफिसेज से 6-10 करोड़ डॉलर तक जुटाएगी।

जेप्टो का मूल्यांकन इसके बाद भी 5 अरब डॉलर पर अपरिवर्तित रहेगा जो इसके पिछले फंडिंग राउंड में था। कंपनी ने अगस्त में 34 करोड़ डॉलर के फॉलो-ऑन फाइनैंसिंग राउंड में 5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर धन जुटाया था। इससे दो महीने पहले कंपनी ने सीरीज एफ राउंड में 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए थे। तब इसकी वैल्यूएशन 3.6 अरब डॉलर थी।

फिलहाल जेप्टो के निवेशकों में जनरल कैटेलिस्ट, ड्रैगन फंड, स्टेपस्टोन, लाइटस्पीड वेंचर्स, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और ग्लेड ब्रुक कैपिटल जैसी बड़ी विदेशी निवेश कंपनियां शामिल हैं।

ब्लिंकइट से प्रतिस्पर्धा

जेप्टो विशेष रूप से क्विक कॉमर्स पर फोकस्ड कंपनी है। वह जोमैटो की ब्लिंकइट, स्विगी की इंस्टामार्ट, और टाटा की बिग बास्केट जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर रही है। कंपनी वर्तमान में भारत के 10 अग्रणी शहरों में 350 डार्क स्टोर्स ऑपरेट करती है और अगले 10 शहरों में विस्तार करने और अपनी स्टोर संख्या 700 तक बढ़ाने की योजना बना रही है।

5जी सस्ता करने पर मीडियाटेक का जोर

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 17 अक्टूबर

फैबलेस ताइवानी चिप निर्माता मीडियाटेक अपने चिपसेट से चलने वाले 5जी मोबाइल की कीमतें घटाकर 6,000-7,000 रुपये के दायरे में लाना चाहती है, जिससे ग्राहकों को 5जी को अपनाना आसान हो जाए।

मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकू जैन का कहना है, 'हमारे पास पहले से ही ऐसे चिपसेट हैं जो 7,499 रुपये की कीमत वाले फोन में लगे हैं, जिनमें पोको एम6 5जी (भारत के बेहद किफायती 5जी फोन में से एक) जैसे स्मार्टफोन शामिल हैं। हमारा मानना है कि भारत कीमत-संवेदी बाजार है और हम ज्यादा किफायती 5जी अनुभव मुहैया कराने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही ~6,000-7,000 मूल्य वर्ग के उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान कर सकेंगे।' इस पहल से 5जी के व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा मिल सकता है, क्योंकि एरिक्सन जैसी कंपनियों ने कहा है कि यदि 5जी फोन की कीमतें 100 डॉलर से नीचे आती हैं तो भारत में 5जी का चलन बढ़ सकता है। जैन ने कहा कि मीडियाटेक के 10,000 रुपये से कम कीमत वाले चार से ज्यादा मॉडल पहले से ही हैं।

फिलहाल भारत में 13.4 करोड़ 5जी ग्राहक हैं

मौजूदा समय में, भारत में 13.4 करोड़ 5जी ग्राहक हैं, लेकिन जीएसएमए इंटेलीजेंस के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 64.1 करोड़ पर पहुंच सकता है जिसका मतलब है कि भारत की करीब आधी आबादी 5जी से जुड़ जाएगी। मौजूदा समय में, सिर्फ 18 प्रतिशत आबादी 5जी फोन का इस्तेमाल करती है।

जैन का कहना है कि हालांकि संपूर्ण स्मार्टफोन बाजार में मंदी आ रही है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि भारत में 4जी से पूरी तरह 5जी में तब्दील होने में तीन साल और लगेंगे। भारत में कैलेंडर वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में बेचे गए 77 प्रतिशत स्मार्टफोन 5जी आधारित थे, जिन्हें औसत बिक्री मूल्यों में गिरावट से समर्थन मिला क्योंकि चिप कंपनियों ने सस्ते चिपसेट जारी किए। उन्होंने कहा कि अपने ज्यादातर चिप ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के जरिये तैयार करने वाली मीडियाटेक व्यवस्था होने पर भारत से खरीदारी करने के लिए स्वतंत्र है।

गुजरात के धोलेरा में कई आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्रों तथा टाटा समूह के फैब प्लांट की स्थापना की जा रही है। खासकर करीब 91,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ टाटा संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रति महीने 50,000 वैफर तक होगी।

मीडियाटेक ऑटोमोटिव चिपसेट बाजार पर भी अपना ध्यान बढ़ा रही है, जिसमें उसे क्वालकॉम से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

जैन ने कहा, 'यह हमारे लिए एक बड़ा बाजार होगा। हमने दोपहिया वाहन उद्योग के लिए मेक इन इंडिया स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और स्मार्ट मॉड्यूल पेश करने के लिए पहले ही जियोथिंग्स के साथ साझेदारी की है।'

West Bengal State Rural Development Agency
(An Agency under P&RD Department, Govt. of West Bengal)
Purba Bardhaman Division
RRNMU Building, Vill.- Malkita, P.O.- Bhita, Block- Burdwan-I, P.S.- Dewandighi, Dist.- Purba Bardhaman, PIN-713102 e-mail ID: **wb-bur@nic.in**
Memo No. WB-05/WBSRDA/NIT/675 **Date: 17.10.2024**

ABRIDGED TENDER NOTICE (E-Tender)

e-NIT No. WBSRDA/EE/PBD/NIT-24 of 2024-25/FDR (1st Call)

Sealed percentage rate tenders through online for 10 (Ten) nos Road under **F.D.R (Flood Damage Restoration)** in prescribed format are invited from resourceful, bonafied & experienced contractors who have successfully completed road or Maintenance of road Works of PMGSY, PWD, CPWD, Zilla Parishad and any other Govt. Department, in last 5 (Five) years having 40% credential in similar nature of works along with own/ leased machineries and Laboratory Equipments. For further details please contact this office during office hours on working days or visit website **www.wbprd.nic.in** or **www.wbtenders.gov.in**.

Sd/- Executive Engineer
WBSRDA, Purba Bardhaman Division

कॉनकॉर CONCOR
भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A NAVRATNA UNDERTAKING OF GOVT. OF INDIA)
CONCOR ANNEXE, NSIC New MDBP Building, 3rd Floor, Okhla Indl. Estate (Opp. NSIC Okhla Metro Station), New Delhi-110020
Azadi Ka Amrit Mahotsav

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

कॉनकॉर निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा की एकल पैकेट प्रणाली में ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

निविदा संख्या	CON/EP/A-IV/ Dredged spoil/MMLP-Paradip/E-91553/2024-25
कार्य का नाम	पारादीप बंदरगाह से ओडिशा के पारादीप में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (MMLP) तक ड्रेज्ड स्पॉयल भरना (ड्रेज्ड स्पॉयल पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाएगा)।
अनुमानित लागत	रु. 104.95 लाख (जीएसटी सहित)
पूर्ण होने की अवधि	6 (छह) माह
बयाना राशि जमा	रु. 2,02,500/– (दो लाख दो हजार पांच सौ रुपये मात्र)
निविदा दस्तावेज की लागत (गैर–वापसी योग्य)	शून्य
निविदा प्रसंस्करण शुल्क (गैर–वापसी योग्य)	रु. 3540/– (ई–भुगतान के माध्यम से सभी करों और शुल्कों सहित)
निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	18.10.2024 (15:00 बजे से) से 07.11.2024 (17:00 बजे तक)
निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय	08.11.2024 17:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि और समय	11.11.2024 15:00 बजे

वित्तीय पात्रता मानदंड, समान प्रकृति के कार्य के संबंध में अनुभव आदि के लिए, कृपया वेबसाइट **www.concorindia.co.in** पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें, लेकिन पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट **www.tenderwizard.com/CCIL** से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा, इस निविदा के लिए शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो केवल **www.concorindia.co.in**, **www.tenderwizard.com/CCIL** और **केंद्रीय खरीद पोर्टल (CPP)** पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्र प्रेस विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। **समूह महाप्रबंधक/परियोजना, दूरभाष: 011–41222500**

प्रारूप ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दीवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दीवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन 2016 के विनियमन 6 के तहत)

मनीष फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणी का नाम	**मनीष फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड**
2.	कॉर्पोरेट ऋणी के निगमन की तिथि	25 जुलाई 1985
3.	वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी निगमित/ पंजीकृत है	आर ओ सी मुम्बई पंजी नं. 36952
4.	कॉर्पोरेट ऋणी की निगमित पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या	U24230MH1985PLC036952
5.	कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (अगर हो तो) का पता	प्लॉट नं. 29-33, सहायक औद्योगिक प्लॉट, गोवंडी, मुंबई - 400043
6.	कॉर्पोरेट ऋणी के संबंध में दिवालिया प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि	आदेश तिथि : 15 अक्टूबर, 2024 प्राप्ति की तिथि : 16 अक्टूबर, 2024
7.	दिवालिया समाधान प्रक्रिया समापन की अनुमानित तिथि	14 अप्रैल 2025 (आदेश प्राप्ति की तिथि से 180 दिन)
8.	अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम व पंजीकरण क्रमांक	नामः आशिष नारायण पंजीकरण सं. IBBI/IPA-002/IP-N00444/2017-2018/11274
9.	बोर्ड के समक्ष पंजीकृत अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का पता व ई-मेल	पताः 4ए/703, व्हिस्परिंग पाम्स, लोखंडवाला, कांदिवली (पूर्व), मुंबई, एचडीएफसी बैंक, मुंबई शहर, महाराष्ट्र-400101 ईमेलः cs.asish@gmail.com
10.	अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के पत्राचार हेतु पता व ई-मेल	**रिसर्जेंट रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी** 602, 6वीं मंजिल, सेंट्रल प्लाजा, 166 सीएसटी रोड, कोलिवरी गांव, विद्या नगरी, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098 ईमेलः cirp.mpl@resurgentrpl.com
11.	दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	30 अक्टूबर 2024 (आदेश प्राप्ति की तिथि से 14 दिन)
12.	लेनदारों की श्रेणी, अगर हो अंतर्गत धारा 21 की उपधारा (6ए) के पद (ब) के अंतर्गत जिसे अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित किया जाना है।	लागू नहीं
13.	श्रेणीबद्ध लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने वाले इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी हेतु तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(ए) प्रासंगिक प्रारूप एवं (बी) अधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण हेतु संपर्क करें:	https://ibbi.gov.in/en/home/downloads

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, ने **15.10.2024** (16.10.2024 को प्राप्त आदेश) को मनीष फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
मनीष फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के लेनदारों को **30.10.2024** को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो प्रविष्टि नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।
वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य सभी लेनदार पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं।
एंट्री नं. 12 के खिलाफ सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, क्लास [निर्दिष्ट क्लास] फार्म सी ए - लागू नहीं में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए एंट्री नं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन दिवालिया पेशेवरों में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

श्री आशीष नारायण
अंतरिम समाधान पेशेवर,
मनीष फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के मामले में
पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-002/IP-N00444/2017-2018/11274
एएफए सं. AA2/11274/02/031224/203075
एएफए 03 दिसंबर 2024 तक वैध
दिनांकः 17 अक्टूबर 2024 **ईमेल आईडीः** cirp.mpl@resurgentrpl.com

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय :–9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली–110001 फोनः–011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
जमशेदपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बधानी ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, आर. रोड, बिष्टुपुर, जमशेदपुर–831001, झारखंड

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णित अनुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(